# जसाना गांव में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम




फरीदाबाद, 1 जुलाई (रैपको न्यूज़)। जसाना गांव में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने पौधरोपण कोटवेल इंक प्राइवेट लिमिटेड में किया। कुलबीर ने बताया कि रोटरी क्लब इंटरनेशनल संस्था है। जो समय समय पर सामाजिक कार्य करती रहती है।

कुलबीर ने कहा की आज रोटरी क्लब ईस्ट की समस्त टीम के द्वारा गांव जसाना में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। नीम,जामुन,अमरूद और अशोक के सैकड़ों पौधे लगाए गए। इन पेड़ पौधों के द्वारा ही हमे ऑक्सीजन मिलती है। जो मनुष्य की सांस के द्वारा शरीर में जाती है।

जीवन जीने का आधार है। सभी पौधे को पेड़ बनाने की जिम्मेदारी संस्था की है।कुलबीर ने बताया कि आज के समय में जब धूप अधिक हो तो हर व्यक्ति अपनी गाड़ी को खड़ी करने के लिए पेड़ की छाया ढूंढता है। प्रदूषित वातावरण को शुद्ध करने का काम भी पेड़ पौधे ही करते है। बरसात लाने का काम पेड़ करते है।

आज की जरूरत के हिसाब से पेड़ पौधे मानव जीवन का जीने का आधार हैं। महासचिव अजय गुप्ता ने बताया की बढ़ते तापमान और प्रदूषण के बीच में हम सभी किस तरह से जी रहे है हम सब भलीभांति परिचित है। प्रदूषण से कई प्रकार की बीमारियां से लोग ग्रसित है। इसलिए बरसात के मौसम में सभी पौधे लगाए जो आगे चलकर वृक्ष बने और बढ़ते तापमान और प्रदूषण को कम करने का काम करेगा। मेवला महाराजपुर

में फरीदाबाद मॉडल संस्कृति सरकारी स्कूल में फरीदाबाद जोन के 4 क्लब ने मिलकर हैंड वाश स्टेशन भी लगाया। जिससे स्कूल के बच्चे अपने हाथो की सफाई करके कई बीमारियों से बच सके।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब ईस्ट से अध्यक्ष कुलबीर सिंह,हेरिटेज क्लब अध्यक्ष अनूप गर्ग, मिड्टाउन नेक्स्ट अध्यक्ष कविता सलूजा, रोटरी ग्रेटर अध्यक्ष मनुज मदान व सरकारी अधिवक्ता रोटेरियन दीपक ठुकराल, सायराम सचदेव, ईशान सचदेव, राहुल नागर, योगेश नागर, मनु नागर की उपस्थिति रही।